**आकाशवाणी शिमला**

**17.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए सभी तैयारियां की पूरी–कुल 7 हजार 9 सौ 90 मतदान केन्द्रों में 56 लाख 38 हजार मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग।
- पहली बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले मतदाता घर से ही कर सकेंगे मतदान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का दावा–प्रदेश की जनता भाजपा को देगी भारी बहुमत ।
- प्रदेश कांग्रेस ने चारों लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रभारी किए नियुक्त।

**चुनाव–तैयारियां**

लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि प्रदेश में कुल 7 हजार 9 सौ 90 मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। जिनमें 4 सौ 25 संवदेनशील मतदान केन्द्र है। उन्होंने कहा कि लगभग 50 हजार चुनाव कर्मी मतदान के लिए तैनात किए जाएंगे। प्रदेश में 1 सौ 50 मतदान केन्द्र केवल महिलाओं द्वारा जबकि 29 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों और 54 मतदान केन्द्र युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1 सौ 33 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। मनीष गर्ग ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**मतदाता**

प्रदेश में एक जून को होने वाले चुनाव के लिए 56 लाख, 38 हजार 4 सौ 22 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 28 लाख 79 हजार 2 सौ पुरूष जबकि 27 लाख 59 हजार 1 सौ 87 महिला मतदाता है। लोकसभा चुनाव में राज्य के एक लाख 38 हजार 9 सौ 18 नए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रदेश में 56 हजार 3 सौ पी.डब्ल्यू.डी वोटर और 60 हजार 9 सौ 95 ऐसे मतदाता है जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है। सभी स्थानों पर ई.वी.एम और वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। लाहौल–स्पीति का टाशीगंग मतदान केंद्र सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र है।

**चुनाव घोषणा**

प्रदेश में चार लोकसभा सीटों के साथ ही 6 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए भी मतदान पहली जून को होगा। छह विधानसभा सीटों सुजानपुर, बड़सर, गगरेट, कुटलेहड़, धर्मशाला तथा लाहौल–स्पीति में उपचुनाव होने हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि कांग्रेस के अयोग्य घोषित विधायक भी विधानसभा का उपचुनाव लड़ सकेंगे। चुनाव लड़ने के लिए अयोग्यता के तहत निर्वाचन आयोग ने जो मापदंड निर्धारित किए है उनमें ये अयोग्य विधायक नहीं आते। इन चुनावों के लिए 7 मई को अधिसूचना जारी की जाएगी। राज्य में एक ही चरण में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 मई तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 15 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी जबकि 17 मई को नामांकन वापिस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। 4 जून को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

**मतदान सुविधा**

देश में लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले मतदाता अपने घर से ही मतदान कर पाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मुताविक घर से वोट करने का विकल्प चुनने के लिए फार्म 12–डी भेजा जाएगा और घर पर ही मतदान की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे मतदाता मतदान केन्द्रों पर आते है तो स्वयं सेवक और व्हील चेयर की व्यवस्था की जाएगी।

**हमीरपुर–चुनाव**

हमीरपुर जिले में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए कड़े प्रबंध किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उड़नदस्तों व अन्य टीमों को तैनाती के अलावा आदर्श आचार संहिता के उलंघन की शिकायत के लिए जिला स्तर पर शिकायत निगरानी कक्ष भी स्थापित किया गया है।

**ऊना–चुनाव**

ऊना जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने कहा है कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव में पेड न्यूज पर नज़र रखने के लिए जिला स्तर पर मिडिया सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग कमेटी गठित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार को जिला स्तरीय कमेटी से प्री सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य है।

**अपील**

शिमला जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने सभी राजनैतिक दलों से आर्दश आचार संहिता का सख्ती से पालन करने की अपील की है। शिमला में आज सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने राजनैतिक दलों से चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर सहयोग का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि आर्दश आचार संहिता के उलंघन से संबधित आने वाले विभिन्न मसलों का नियमानुसार निपटारा किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनैतिक दल निर्वाचन प्रक्रिया से संबधित किसी भी मामले की शिकायत सी–विज़िल ऐप और टोल फ्री न0 1–9–5–0 के माध्यम से भी कर सकते है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आदर्श आचार संहिता के उलंघन का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले सम्मान निधि फार्म भरवाकर कांग्रेस सरकार महिलाओं को धोखा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में योजना के लिए पैसों का प्रावधान किए बगैर ही महिलाओं से फार्म भरवाए जा रहे है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में की गई झूठी गांरटियों के दम पर सत्ता में आई। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा को भारी बहुमत देगी।

**प्रतिभा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए चन्द्र कुमार जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मुकेश अग्निहोत्री को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। मंडी संसदीय क्षेत्र का प्रभार विक्रमादित्य सिंह और शिमला संसदीय क्षेत्र का दायित्व रोहित ठाकुर को सौंपा गया है। इसके अलावा हर्षवर्धन चौहान को पब्लिसीटी व पब्लिकेशन जबकि जगत सिंह नेगी को प्रशासनिक व समन्वय का जिम्मा दिया गया है।

**कुल्लू–चुनाव**

कुल्लू जिले में लोकसभा चुनावों के लिए 5 सौ 75 मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें 3 संवेदनशील मतदान केन्द्र भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस. रवीश ने कहा कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 32 हजार 5 सौ 74 है। जिसमें 1 लाख 67 हजार 9 सौ 6 पुरूष और 1 लाख 63 हजार 5 सौ 95 महिला मतदाता है। जिले में 1 हजार 72 सर्विस मतदाता, 3 हजार 2 सौ 23 दिव्यांग मतदाता, जबकि 2 हजार 8 सौ 73 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं। जिले में नए मतदाताओं की संख्या 8 हजार 1 सौ 81 है।

**सोलन–चुनाव**

सोलन जिले में 4 लाख 17 हजार 2 सौ 93 मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले में 4 हजार 1 दिव्यांग मतदाता है जबकि 2 हजार 3 सौ 93 मतदाता 80 साल से अधिक आयु वर्ग के है। जिले में 40 मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के है।

**मंडी–चुनाव**

मंडी जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने कहा है कि चुनावों में रिश्वत लेने व देने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 1 हजार 2 सौ 17 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। जिले में कुल 8 लाख 66 हजार 8 सौ 59 मतदाताओं में से 4 लाख 38 हजार 4 सौ 57 पुरूष जबकि 4 लाख 28 हजार 4 सौ महिला मतदाता है। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10 हजार 1 सौ 40, 85 वर्ष से अधिक आयु के 8 हजार 7 सौ 55 और 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1 सौ 66 मतदाता है।

**कांगड़ा–चुनाव**

कांगड़ा जिले के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावों के मद्देनजर 1 हजार 6 सौ 42 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे जिनमें 1 सौ 18 संवेदनशील बूथ भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 28 हजार 7 सौ 68 है। जिले में 6 लाख 79 हजार 4 सौ 72 पुरूष और 6 लाख 49 हजार 2 सौ 92 महिला मतदाता है। नए मतदाताओं की संख्या 10 हजार 4 सौ 41 हैं जबकि 9 हजार 9 सौ 38 दिव्यांग मतदाता है।

**किन्नौर–चुनाव**

किन्नौर जिला में कुल 59 हजार 5 सौ 23 मतदाता है जिनमें 29 हजार 6 सौ 89 पुरूष और 29 हजार 8 सौ 34 महिला मतदाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 6 सौ 81 जबकि 100 वर्ष से अधिक उम्र के 15 मतदाता हैं जिनमें 5 पुरूष व 10 महिलाएं हैं, 18 से 19 वर्ष के कुल 1 हजार 2 सौ 32 नए मतदाता है। जिले में कुल 1 सौ 28 मतदान केन्द्र है जिनमें 7 केन्द्र संवेदनशील चिन्हित किए गए है।

**चंबा–चुनाव**

चंबा जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि जिले में आदर्श आचार संहित का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति में लगे होर्डिंग्स को हटाने की निर्धारित समय सीमा 48 घंटे जबकि निजी संपत्ति में लगे होर्डिंग्स के लिए 72 घंटे की समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 4 लाख एक हजार एक सौ 68 पंजीकृत मतदाता है जिनमें 2 लाख 3 हजार 4 सौ एक पुरूष और एक लाख 97 हजार 7 सौ 65 महिला मतदाता है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए सभी तैयारियां की पूरी–कुल 7 हजार 9 सौ 90 मतदान केन्द्रों में 56 लाख 38 हजार मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग।
- पहली बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले मतदाता घर से ही कर सकेंगे मतदान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का दावा–प्रदेश की जनता भाजपा को देगी भारी बहुमत ।
- प्रदेश कांग्रेस ने चारों लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रभारी किए नियुक्त।

---